दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-258
मुरादाबाद
07 January 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में बालिका गृह में रह रहीं 26 लड़कियां लापता, अवैध तरीके से चलाया जा रहा था

मध्य प्रदेश के भोपाल जिले से एक बालिका गृह से 26 लड़कियां लापता हो गईं। लड़कियां कहां गईं है इसे लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, बालिका गृह भी अवैध तरीके से चलाया जा रहा था। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक बालिका गृह से 26 लड़कियां लापता हो गईं। इसमें कई राज्यों की लड़कियां रह रहीं थी। ये लड़किया कहां हैं, इसे लेकर किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बालिका गृह का संचालन अवैध तरीके से हो रहा था। मामले को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी एक्स किया है। उन्होंने लिखा कि भोपाल के परवलिया थाना क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित बालगृह से 26 बालिकाओं के गायब होने का मामला मेरे संज्ञान में आया है। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार से संज्ञान लेने व त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं।क्या है मामला?- भोपाल के परवलिया थाना क्षेत्र से संचालित आंचल मिशनरी संस्था के बालिका गृह के निरीक्षण में 68 में से 26 बच्चियां लापता मिली है। इनमें से ज्यादातर लड़किया अलग-अलग राज्य की थी। बाकी जो 41 लड़कियां मिली हैं वे रायसेन, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सीहोर, विदिशा समेत राजस्थान, झारखंड, और गुजरात की हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मुख्य सचिव वीरा राणा को पत्र लिखा है। साथ ही सात दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। मामले को लेकर परवलिया थाना ने एफआईआर भी दर्ज की है। बालिकाओं का मतांतरण करने का शक- इसे लेकर शुक्रवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बालिका गृह का निरीक्षण भी किया था। जिसमें सामने आया था कि बालिक गृह बिना मान्यता और रजिस्ट्रेशन के संचालित किया जा रहा था। अनाथ बच्चों को बिना सरकार को जानकारी दिए रखा जा रहा था। ऐसे में आंचल मिशनरी संस्था में बालिकाओं का मतांतरण करने का शक गहरा गया है। निरीक्षण के दौरान बालिका गृह में कई अव्यवस्थाएं भी मिली हैं। मिशनरी द्वारा संचालित अवैध बाल गृह का निरीक्षण किया।

## भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए CM योगी, बोले- पीएम मोदी ने बदली देश की तस्वीर और तकदीर



मुख्यमंत्री ने सुबह सबसे पहले फर्टिलाइजर स्थित निर्माणाधीन सैनिक स्कूल का निरीक्षण किया। इसके बाद वह निर्माणाधीन बरगदवां-भगवानपुर ओवरब्रिज का भी निरीक्षण किया। यहां से मुख्यमंत्री संझाई में भाजपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत में आज वैश्विक स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हों रहा है। एम्स और फर्टिलाइजर के कारखाने बन रहे हैं। जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल आदि की योजनाओं जोड़ने का कार्य हो रहा है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 6.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था। पर, जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। उसी के परिणाम स्वरूप देश की जनता उनके आह्वान पर लगातार भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर रही है। बिना भेदभाव सभी को मिल रहा योजनाओं का लाभ- सीएम योगी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले जहां गरीबों के राशन पर डकैती और भ्रष्टाचार का बोलबाला होता था, गरीब को राशन नहीं मिलता था, वहीं आज देश मे 80 करोड़ तथा यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पहले गरीब स्वास्थ्य सुविधा के आभाव में दम तोड़ देता था। जबकि आज देश में 50 करोड़ व यूपी में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। पहले गरीबों के पास आवास नहीं थे, वे झोपड़ी में जैसे तैसे गुजर बसर करते थे जबकि आज देश में 4 करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास शौचालय नहीं था तथा खुले में शौच से नारी गरिमा को हानि होती थी। आज देश में 12 करोड़ व यूपी में 3 करोड़ गरीबों के शौचालय बनवाएं गये। पहले गरीब के घर में भोजन के लिए न ईंधन, न गैस सिलेंडर, न केरोसिन, न कोयला की व्यवस्था थी। आज देश में 10 करोड़ व यूपी में 1.75 करोड़ गरीबों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने होली व दीपावली में मुफ्त रसोई गैस सिलेंडरदेने का कार्य भी शुरू किया है। ये सब कार्य गरीबों की खुशहाली के लिए हो रहे हैं। नौजवानों को रोजगार प्राप्त हो सके, इसके लिए कार्य हो रहे हैं।। गांव में लोगों को मकान का मालिकाना अधिकार देने के लिए स्वामित्व योजना, किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना संचालित है। 2047 में विकास की प्रक्रिया से पूरी तरह संतृप्त होगा भारत- सीएम योगी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीबों के जीवन में परिवर्तन का कारक बन रही हैं। इस तरह के परिणाम के साथ हम एक संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहे तो वर्ष 2047 में भारत जब अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मनाएगा तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को देख पायेंगे। जिस भारत में गरीबी, अशिक्षा, अव्यवस्था, असुरक्षा नहीं होगी बल्कि उसमें दुनिया को नेतृत्व देने का सामर्थ्य होगा। हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली होगी, विकास की प्रक्रिया पूरी संतृप्त होगी। एक ऐसा भारत होगा जिस पर हर भारतीय गौरव की अनुभूति करेगा और दुनिया उसका अनुसरण करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्ही संकल्पों को ध्यान में रखकर पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का 15 नवंबर 2023 को शुभारंभ किया। सबको लाभ देने के संकल्प को पूरा करने आई है मोदी की गारंटी वैन मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लाभार्थी को योजना का लाभ मिला है उन्हें भी हर हाल में इससे लाभान्वित किया जाएगा। यदि हम इन योजनाओं में सौ प्रतिशत संतृप्त की प्राप्ति के दिशा में कार्य करेंगे तो जनता का आशीर्वाद सदा प्राप्त होगा और लोगों की विकास की गति में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी वैन इस संकल्प को आगे बढ़ाने हेतु आई है। इस अवसर पर उन्होंने डबल इंजन सरकार में संझाई और आसपास के विकास के साथ गोरखपुर में हुए कल्पनातीत विकास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले गोरखपुर के लोंग कल्पना नहीं कर सकते थे कि यहां फर्टिलाइजर, फोरलेन सड़क, एम्स आदि भी होगा। पर इस डबल इंजन की सरकार ने इन सपनों को साकार किया है। साथ ही आने वालें संकल्पों को भी मूर्त रूप देने को प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सीएम योगी ने सभी लोगों को आगामी खिचड़ी मेले और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुभकामनाएं भी दीं। लाभार्थियों के अनुभव सुन बोले सीएम, यही है मोदी की गारंटी- विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से संवाद भी किया। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी रेनू चौहान, पीएम स्वनिधि के दिनेश पांडेय, आयुष्मान योजना के अनिल चंद व उज्ज्वला योजना की लाभार्थी शीला देवी ने अपने अनुभव सुनाते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि कोई दिक्कत तो नहीं हुई, किसी ने रुपया तो नहीं मांगा। सबने कहा, नहीं। उनके अनुभव सुनकर सीएम ने कहा कि यही पीएम मोदी जी की गारंटी है कि सबको निष्पक्ष रूप से लाभ मिले। रेनू चौहान ने कहा कि पहले वह कच्चे मकान में रहती थीं, अब पक्का मकान बन गया। दिनेश पांडेय ने बताया कि वह पीएम स्वनिधि को दो किस्त लेकर साइकिल और बाइक रिपेयरिंग की दुकान का विस्तार कर चुके हैं। अनिल चंद ने बताया कि आयुष्मान कार्ड होने से उनका दो लाख रुपये खर्च वाला ऑपरेशन हो गया। ढाई साल के बच्चे के ऑपरेशन में देंगे आर्थिक मदद संवाद के दौरान उज्जवला योजना की लाभार्थी शीला देवी ने इससे हुए फायदे के साथ सीएम योगी से एक दूसरी परेशानी बताई। उन्होंने कहा कि उनके ढाई साल के नाती के दिल में छेद है। उन्होंने पूछा कि क्या बच्चे की मां के आयुष्मान कार्ड से बच्चे भी इलाज हो पाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि ऐसा नहीं हो पाएगा तो सरकार इलाज के लिए भरपूर आर्थिक मदद देगी। चिंता करने की कोई बात नहीं है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया और शीला देवी को जनता दर्शन में आकर मिलने को कहा।

लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व कंबल वितरित किया सीएम ने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व कंबल वितरित किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सबको विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकनतथा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

## विपक्षी गठबंधन में सीट बंटवारे की चुनौती, टीएमसी बोली- बात नहीं बनी तो अकेले चुनाव लड़ने को तैयार



लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि स्थानीय कांग्रेस नेता सीट बंटवारे पर क्या सोच रहे हैं, इसका कोई मतलब नहीं हैं क्योंकि इसका अंतिम फैसला दोनों पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व ही करेगा। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ खुले दिल से सीट बंटवारे पर बात करेंगे, लेकिन अगर बातचीत असफल रहती है तो हम अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार हैं। लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि स्थानीय कांग्रेस नेता सीट बंटवारे पर क्या सोच रहे हैं, इसका कोई मतलब नहीं हैं क्योंकि इसका अंतिम फैसला दोनों पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व ही करेगा। अधीर रंजन चौधरी के बयान पर टीएमसी ने दी प्रतिक्रिया- सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस के लिए हमारा दिल खुला है। अब वह क्या करेंगे, यह उन पर है। पश्चिम बंगाल में जो भी होगा, वह सोनिया गांधी और ममता बनर्जी ही तय करेंगी। टीएमसी की तरफ से यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी के आगे सीटों के लिए भीख नहीं मांगेगी। एक अन्य टीएमसी नेता ने नाम ना जाहिर करने की शर्त पर बताया कि पार्टी राज्य में गठबंधन के लिए सहमत है लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीएमसी राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से चार सीटें कांग्रेस के लिए छोड़ने पर विचार कर रही है। बंगाल में गठबंधन को लेकर संशय के हालात- पश्चिम बंगाल में गठबंधन को लेकर आशंका के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने अपने एक बयान में टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के गठबंधन का प्रस्ताव दिया था, लेकिन सीपीआई( एम ) ने तुरंत ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने भी इसकी आलोचना की थी। बाद में ममता बनर्जी ने दोनों पार्टियों पर भाजपा से साठगांठ करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बंगाल में भाजपा को टक्कर टीएमसी ही दे सकती है। अब दोनों पार्टियों के बीच हो रही ताजा बयानबाजी से भी गठबंधन पर संकट के बादल मंडराते दिख रहे हैं।

## मुस्लिम युवती शबनम पदयात्रा कर जा रही अयोध्या, रामलला की पूजा करेंगी, कहा-मंदिरों को तोड़ मस्जिदें बनाईं



दिल्ली से पदयात्रा कर अयोध्या जा रही शबनम खान ने कहा कि पहले मुसलमानों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था। भारत में मंदिरों को मुगल आक्रांताओं ने तोड़कर मस्जिद तैयार कर दी। वह पदयात्रा कर अयोध्या में राममंदिर के दर्शन करेंगी। दिल्ली से पैदल यात्रा कर अयोध्या जा रही शबनम खान ने कहा कि भारत में मंदिरों को तोड़कर मुगल आक्रांताओं ने मस्जिद बनाई थी। मस्जिद गिराकर मंदिर बना देना राजनीति हैं तो मुझे यह मंजूर है। मैं अकेली मुस्लिम लड़की ही पदयात्रा पर चली हूं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में रामराज की ओर बढ़ रहे हैं। पहले मुसलमानों को केवल वोट के लिए इस्तेमाल किया है। पहली बार हिंदू जागे हैं। अब वह जय श्रीराम का नारे सड़क पर लगाने से नहीं नहीं डरते हैं। पहले ऐसा नहीं था। पुराने नेताओं ने हिंदू-मुस्लिमों को डराया है। 60 साल कांग्रेस का राज रहा। वह भी श्रीराम का मंदिर बना सकते थे, लेकिन उन्हें मंदिर नहीं बनाना था। उन्हें सिर्फ राजनीति करनी थी।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छीतसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छीतसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## लुटेरों के चंगुल से बचे भारतीयों के चेहरे पर दिखी राहत, भारत माता की जय से गूंजा समुद्र



भारतीय नौसेना ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें बचाए गए लोगों की खुशी साफ देखी जा सकती है। लोग भारत माता की जय के नारे लगाते और भारतीय नौसेना के जवानों को धन्यवाद देते नजर आए।भारतीय नौसेना ने बहादुरी की एक ओर मिशाल पेश की है। उसने अपनी सूझबूझ से शुक्रवार को उत्तरी अरब सागर में हाईजैक हुए मालवाहक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक में समुद्री लुटेरों के चंगुल में फंसे सभी 21 लोगों को बचा लिया, जिनमें 15 भारतीय भी शामिल हैं। इस घटना के बाद हर कोई भारतीय नौसेना की तारीफ कर रहा है। इन सबके बीच एक नौसेना ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें बचाए गए लोगों की खुशी साफ देखी जा सकती है। लोग भारत माता की जय के नारे लगाते और भारतीय नौसेना के जवानों को धन्यवाद देते नजर आए। वीडियो में दिखी खुशी- भारतीय नौसेना द्वारा साझा किए वीडियो में एक भारतीय कहता दिख रहा है कि उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। वहीं, एक अन्य ने कहा कि 24 घंटे से डर में थे। अब हमें राहत मिली है। इसी बीच, एक शख्स ने कहा कि हम सब भारत की नौसेना पर गर्व महसूस करते हैं। फिर क्या था सब लोग एक सुर में भारत माता की जय के नारे लगाने लगे। ऐसे नौसेना ने जहाज को घेरा- नौसेना के मार्कोस कमांडो ने बताया था कि सूचना मिली थी कि जहाज पर हथियार से लैस पांच से छह लोग सवार हैं, जिनके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। इस पर जहाज का पता लगाने के लिए तुरंत एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान पी-8 आई और लंबी दूरी के प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन को तैनात किया गया। आईएनएस चेन्नई ने शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 3.15 बजे अरब सागर में सोमालिया के तट के पास अगवा पोत को घेर लिया था। लुटेरों को दी चेतावनी- कमांडो ने बताया कि जवानों ने जहाज को चारों ओर से घेर समुद्री लुटेरों को जहाज को छोड़ने की चेतावनी दी। उसके बाद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो अगवा पोत पर उतरे और उसकी तलाशी ली तो कोई लुटेरा वहां मौजूद नहीं था। उसे अगले बंदरगाह तक यात्रा शुरू करने में मदद की जा रही है। हर कोई कर रहा तारीफ- जहाज के मालिक लीला ग्लोबल के मुख्य कार्यकारी स्टीव कुंजर ने भारतीय नौसेना को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह जहाज पर मौजूद चालक दल की तारीफ करना चाहते हैं कि उन्होंने कठिन हालातों में होश न खोकर जिम्मेदारी से काम लिया। गौरतलब है, अपहरण का प्रयास ऐसे समय में किया गया है जब इस्त्राइल-हमास संघर्ष के बीच लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हूती उग्रवादियों द्वारा हमले तेज किए जाने को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

## संपादकीय Editorial

# Government should guarantee MSP

Once again, it has become necessary to analyze the Minimum Support Price (MSP) and the government's procurement policy, because both of these, to a certain extent, benefit only certain crops. These policies are creating distortions in the market. Farmers of oil seeds and pulses are facing policy discrimination at two levels. Their MSPs are written on paper only, whereas this is not the case with paddy, wheat and sugarcane. The government either purchases these crops directly or forces sugar mills to pay for the sugarcane. In Rajasthan, mustard is being sold at the price of around Rs 5000 per quintal and in Maharashtra the price of gram is Rs 4700 per quintal.

The policy discrimination is that the MSP of mustard is Rs 5650 and that of gram is Rs 5440 per quintal. Both the issues of guaranteed MSP for farmers and procurement of crops at declared prices seem eternal and ancient, because in the last 50 years no government has made any meaningful effort to solve them through policy.

This is the last expectation from the current government because the Lok Sabha elections are just three months away. When the farmers' movement ended, the government formed a special committee. Some alleged farmers were also kept in it. There is no disclosure before the country as to what it discussed on the issue of MSP and to what point it has reached. Farmers are one of the four important caste categories announced by Prime Minister Modi.

Advertisements of the Government of India are being broadcast a lot these days that how many lakhs of crores of rupees have been allotted to how many crores of farmers as 'Samman Rashi'. The crops we are mentioning today are in the fields and it is mandatory to sell them in the market within a period of two months.

The second point is about imports. The import rates of wheat, milled rice and sugar are very high. The import rate of edible oils like soybean and sunflower is zero. Same is the case with most pulses. India is among the leading countries in the world in the production of wheat and paddy. We also rank second in the world in sugar production. If the government ensures the MSP of crops legally and more farmers and more than 23 crops are brought under the ambit of procurement at MSP, then the issue of farmers' income can be solved to a great extent.

The farmer will not remain that much indebted. Even now the average loan on a farmer is around Rs 75,000, while the central and state governments have been claiming loan waiver. However, the scenario of agriculture has changed so much that the import of pulses has reduced considerably, but the import of edible oils has had to be increased. Since the Modi government has changed its policy from pro-crop producer to pro-consumer, as a result imports seem to be increasing again. Various government departments keep expressing their concerns and concerns regarding MSP and procurement policy, but it is really surprising why the MSP has not been decided till date.

KYUN NA LIKHU SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# Scenario: Can India take advantage of China's dual difficulties, but the path is difficult.

Many economists now believe that China is entering an era of very slow growth, made worse by unfavorable demographics and increasing disputes with the US and its allies, which are threatening its foreign investment and trade. Is. India can take advantage of this situation. Ahead of the presidential elections to be held in Taiwan on January 13, in his New Year address, Chinese President Xi Jinping gave a strong message regarding Taiwan, saying that Taiwan will be reunified with China. Just a few days before this, on the occasion of the 130th anniversary of the birth of Mao Zedong, the founder of the People's Republic of China, Xi Jinping had claimed that the reunification of Taiwan with China is inevitable. This emphasizes Beijing's long-term stance ahead of key elections in Taiwan. China views Taiwan, a self-ruled island of 23 million people, as one of its provinces, while Taiwan, with its own constitution and democratically elected leaders, considers itself separate from the Chinese mainland. On the other hand, Taiwan President Tsai Ing-wen said in her New Year address that Taiwan's relations with China should be decided by 'the will of the people of Taiwan'. His government has repeatedly warned that Beijing is trying to interfere in the elections, where a new president and government will be elected. In fact, this stance of Xi Jinping also reflects China's frustration, which has emerged from its dual challenges. There are two types of challenges before China - recession on the economic front and encirclement by western countries. In recent times, these challenges have effectively undermined China's carefully constructed grand narrative that glorifies the rise of the Chinese territory. However, this was not mere propaganda, as after 1978 China experienced an average real growth rate of more than nine percent and in some peak years its economy grew at rates of more than 13 percent. This success transformed China from a poor agricultural culture into an industrial giant. However, in the rapidly changing developments, China's invincibility is beginning to seem to be a thing of the past. Its zero tolerance towards the COVID-19 pandemic and President Xi Jinping's increasingly dictatorial attitude have drawn criticism from all quarters. Compared to the first three months of 2023, China's GDP grew by only 0.8 percent in the second quarter. China's projected annual growth rate now appears to be around three percent, which is the weakest in the last three decades. On New Year's Eve, Jinping said that some enterprises (businesses) faced difficult times and some people found it difficult to find jobs and meet basic needs. It was a rare acknowledgment by the top leadership of the headwinds affecting the Chinese economy. Many economists now believe that China is entering an era of very slow growth, made worse by unfavorable demographics and increasing disputes with the US and its allies, which are threatening its foreign investment and trade. Is. Scholars are trying to determine whether China's current economic problems are short-term or structural. With huge currency reserves of $40 trillion, China is able to deal with short-term problems. But structural issues like an aging population, isolation from Western markets, and economic growth largely driven by investment rather than local demand are not likely to be resolved any time soon. Still, it would be a mistake to dismiss China hastily. Given the global ups and downs, many people still believe that against all odds the 21st century is going to be the 'Chinese century'. The golden days of double-digit economic growth inspired the Chinese ruler to launch the ambitious BRI project. Impressed by its astonishing development record, China moved away from the concept of 'peaceful development' and adopted a more aggressive approach, causing problems from the high Himalayas to the South China Sea. Beijing's aggression translated into forceful implementation of the 'One China Policy' along with its claim for unification of Taiwan. This embroiled China in a dispute with the US, which claims to guarantee Taiwan's security. China is ready to challenge the American-dominated liberal world order. It has joined hands with Russia to break the strategic encirclement of the West. To balance China's growing power, the US has reminded many countries of the China-centric world order that once kept countries like Korea and Vietnam in semi-sovereign status. Viewing China's current aggression in the light of its past misdeeds provides clues to the Asian giant's future actions. India is in a position to benefit from the current turmoil in China. In contrast to the dual challenge of China, India is seeing signs of new economic takeoff as well as recognition by the West as a major player in the Indo-Pacific region. Being a founding member of the Quad, India is protecting its national interests not only by maintaining relations with Russia but also by buying cheap oil from Russia against Washington's pressure tactics. When China is facing invincible challenges, India seems to be gaining the upper hand. The world has recognized India's edge over China in areas like democracy, demography and capitalism. West believes India against China for permanent balance of power There is a need to stand up, which has made India an indispensable power in the region. China's aggressive attitude has given India an important place in the international system, which should be used swiftly and with determination. Demography is in India's favour, but serious efforts will have to be made to employ the army of unemployed youth. To compete with China, we will have to learn from China. By taking advantage of the country's large and young population, we can replace China in the field of manufacturing.

# Cricket: A team's historic win or the game being ruined

India created history by winning the test against South Africa. But are we understanding the danger of a five-day Test match ending in one and a half days? India created history by becoming the first Asian team to win a Test match against host South Africa at the Newlands ground in Cape Town. Celebrating this is natural, but are we understanding the danger of a five-day Test match ending in one and a half days? In comparison to Test cricket which has a rule of bowling 90 overs every day, if it ends in only 107 overs in one and a half day, then is any team actually winning or is the game of cricket itself losing? This question may be disliked in the atmosphere of victory, but real appreciators will have to worry about the future of the game, otherwise the forces that want to make it a spectacle are already active. The first 60-60 overs ODI matches were used because the drawn Test matches, which did not yield results even in five days, were losing their attraction among the spectators. Later, to make the matches shorter and more exciting, the ODI matches were made 50-50 overs. And now in the 21st century, the magic of Twenty-20 with 20-20 overs is at its peak, which most of the spectators see as an evening entertainment rather than a game. It is not surprising that in a few years we will also see cricket competitions of 10-10 overs matches. Undoubtedly these experimental short versions have increased the popularity of cricket. Events like IPL have also increased the opportunities for new players to earn fame and fortune. These are not only showering money on young players but also opening doors for entry into the Indian team on the basis of their performance. Why would anyone have any objection to the increasing popularity of cricket and the income of cricketers? But the result of turning a blind eye to its ill effects has started appearing in the form of playing with the game itself. The earlier pitches provided equal opportunities to both batsman and bowler to showcase their skills. For the first one or two days the pitch used to help the fast bowlers, then from the fourth day onwards the spin bowlers started getting help. If the batsman was technically strong, then his batting prowess could be seen on all five days. Many times, a bowler got more applause for a maiden over than a four or a six, or a batsman for playing a very difficult ball defensively. At that time, fielding near the wicket was also a difficult test. Of course, sometimes some matches ended before five days due to very good bowling or unpredictable behavior of the pitch or due to lifeless pitches the decision could not be taken even in five days, but those instances would not have been more than exceptions. The most negative, and hence worrying, aspect of the experiments that have been done in the name of increasing popularity among the spectators in the last few decades is that the very character of the game of cricket has been put at stake. Till the last century, the coach used to show the player the way out if he played a shot in the air or played with a cross bat, but now in the new cricket, if he does the same, he gets applause and rewards too. Of course, the bowling of Siraj and Bumrah cannot be underestimated in the victory in Cape Town, but if the team which lost the first Test by an innings and 32 runs, wins the second Test by seven wickets in just one and a half days, then questions will be raised on the pitch. Whatever comments have been made by various experts, from South African coach Conrad to former bowler Dale Steyn and Indian captain Rohit Sharma, actually raise question marks on the quality of the pitches. Due to the priority being given to exciting versions of cricket, most of the current batsmen are also not technically strong enough to show their prowess despite a very bad pitch or a very good bowler. ICC, the supreme body of cricket, must think about these worrying signs related to the future of cricket. Till the last century, the coach used to show the player the way out if he played a shot in the air or played with a cross bat, but now in the new cricket, if he does the same, he gets applause and rewards too. Of course, the bowling of Siraj and Bumrah cannot be underestimated in the victory in Cape Town, but if the team which lost the first Test by an innings and 32 runs, wins the second Test by seven wickets in just one and a half days, then questions will be raised on the pitch. Whatever comments have been made by various experts, from South African coach Conrad to former bowler Dale Steyn and Indian captain Rohit Sharma, actually raise question marks on the quality of the pitches. Due to the priority being given to exciting versions of cricket, most of the current batsmen are also not technically strong enough to show their prowess despite a very bad pitch or a very good bowler. ICC, the supreme body of cricket, must think about these worrying signs related to the future of cricket.

## बूथों की मजबूती के लिए मिलकर करें काम, सपा की जिला कार्यालय पर हुई मासिक बैठक



मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय चक्कर की मिलक पर शनिवार को हुई। इसमें एजेन्ट बूथ प्रभारी/ बूथ सहप्रभारी सेक्टर जोन प्रभारी को बूथों को मजबूत करने के लिए विधानसभा बार जिम्मेदारी निभाने को कहा गया।

जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य विधानसभावार बूथ प्रभारियों से मिलकर बूथ मजबूत कराने का काम करें। जिससे लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत मिल सके। बूथ कमेटी को मजबूती करना है। जनता के बीच समाजवादी पार्टी की नीतियों को लेकर जोड़ने काम करेंगे। बैठक का संचालन जिला महासचिव मुदस्सिर खान ने किया। बैठक में देहात विधायक के प्रतिनिधि आमिर कुरैशी, अतहर हुसैन अंसारी, नवीन यादव, नाजिम सैफी, मोइनुद्दीन, भूरा मलिक, हसनैन अख्तर, वेद प्रकाश सैनी, दीपक विश्नोई, जयपाल सिंह सैनी, फिरसात हुसैन गाम, प्रेम बाबू वाल्मीकि, राकेश दानव, मुकेश यादव, वाजिद पाशा, संजीव चौधरी, शकील मंसूरी, गौरव चौहान, नाग भारती, लाखन सिंह सैनी सतेन्द्र शर्मा, शहजाद सिद्दीकी, अवनीश यादव , लुकमान खां, भूरा कुरैशी, शहजाद हुसैन, जहांउल्ल खां आदि मौजूद रहे।

## सीसीटीवी फुटेज की मदद से बाइक चोर गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस भी बरामद



मुरादाबाद। मुगलपुरा में मिलन शादी हॉल की पार्किंग से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। यही नहीं, सीसीटीवी फुटेज से बाइक चोरी करने वाले की हुई पहचान के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले फैजान को धर दबोचा। इसके बाद उसके अन्य दो साथियों मोहम्मद कैफ व बाबू को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास पुलिस ने कुल पांच बाइकें और तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। इस मामले में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ कोतवाली अपेक्षा निबांडिया ने बताया कि आरोपी अभियुक्त जिस बाइक को मिलन शादी हॉल की पॉर्किंग से चोरी किया था,

उसकी नंबर प्लेट बदलकर मुरादाबाद परिवहन आइडी की फर्जी नंबर प्लेट लगा रखे थे। जबकि वह संबंधित बाइक उत्तराखंड के काशीपुर के व्यक्ति की थी। उधर, मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अभियुक्त फैजान पुत्र नासिर कटघर थाना क्षेत्र के सिहमन हजारी का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी के बाद उन्होंने इसके साथी मोहम्मद कैफ पुत्र खलील और चामुंडा वाली गली के निवासी आरोपी बाबू पुत्र मकबूल को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बरामद हुई बाइकों में दो बाइकें उत्तराखंड के काशीपुर जिले के नंबर वाली हैं, जबकि एक बाइक मुरादाबाद और एक अन्य बाइक हरियाणा की है। एक बाइक उधम सिंह नगर जिले की है। इसके साथ ही इन आरोपियों के पास के तमंचा-कारतूस भी मिले हैं। इन्हें दरोगा सत्येंद्र मलिक, हेड कांस्टेबल शेखर कुमार, कांस्टेबल अंशुल कुमार, मुकेश और लोकेंद्र सिंह ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इनके विरुद्ध पूर्व से दर्ज मामलों की जानकारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को मुगलपुरा क्षेत्र में जामा मस्जिद के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत भी एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह लोग चोरी की बाइकों को बेचकर अपना खर्च चलाते हैं।

## रेल सेवा दिखावा साबित, लंबी दूरी की ट्रेनों के देर से चलने का क्रम जारी



मुरादाबाद। फाग सेव डिवाइस और जीपीएस आधारित रेल सेवा दिखावा साबित हो रही है। सच तो यह है कि लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब से चलने का क्रम जारी है। कड़ाके की ठंड में यात्री गाडियों के इंतजार में रेल प्रबंधन से रुष्ट दिख रहे हैं।

जबकि, स्थानीय यात्री अब बसों के साथ निजी साधन से यात्रा करने को अहमियत दे रहे हैं। उधर, मुरादाबाद- बरेली, मुरादाबाद-रामनगर और मुरादाबाद- काठगोदाम के बीच चलने वाली सवारी गाड़ी के फेरे कम कर दिए गए हैं, इससे भी यात्री परेशान है। रेलवे में परिचालन के जानकारों का कहना है कि कोहरे में समयबद्ध ट्रेन संचालन का दावा मजाक से अधिक कुछ नहीं है। तभी तो ट्रेनें समय से मंजिल तक नहीं पहुंच पा रही हैं। शनिवार को लंबी दूरी की ट्रेनों के देर से चलने की वजह से ही सियालदह एक्सप्रेस के इंजतार में यात्री 1=48 मिनट स्टेशन पर बैठे रहे। गुवाहाटी से जम्मू के बीच चलने वाली अमरनाथ एक्सप्रेस 5=32 घंटे देर से आई। जबकि, न्यू जलपाईगुड़ी की साप्ताहिक एक्सप्रेस भी 3=17 मिनट विलंब से आई।

## पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना को न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

मुरादाबाद-18 जनवरी को गाजियाबाद से प्रधानमंत्री आवास तक शुरू होने वाले पैदल मार्च के लिए जागरूक कियाबार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अधिवक्ता पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहे। पश्चिम उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के अधिवक्ता हाईकोर्ट बेंच स्थापना के लिए केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आंदोलनरत है और चरणबद्ध तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। इसी क्रम में बार एसोसिएशन के अधिवक्ता न्यायालयों में शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय के उस कदम की निंदा की, जिसके द्वारा प्रत्येक जिलों में प्रारंभ की गई ई-फाइलिंग की सुविधा बंद कर दी गई है। कार्यकारिणी लगातार अधिवक्ताओं को 18 जनवरी को गाजियाबाद से प्रधानमंत्री आवास तक शुरू होने वाले पैदल मार्च के लिए भी प्रेरित कर रही है। इस दौरान अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में सुनील कुमार सक्सेना,अनिल गुप्ता, पारुल अग्रवाल, दानवीर सिंह यादव, खलील अहमद, विनीत कुमार भटनागर, सीता सैनी, देशराज शर्मा, मनीष प्रताप सिंह, सुरेश चंद्र गुप्ता, सलीम अहमद, हरिशंकर आर्य, अलका शर्मा, कबीर खालिद, कमल कौशल सिंह, मुकेश वर्मा, रमा पांडे आदि उपस्थित रहे और न्यायालयों अधिवक्तओं से संपर्क किया।


KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## सुरेश जैन को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा नामांकन पत्र मिला

क्यूँ न लिखूँ सच
अज़हर अली








मुरादाबाद।अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्य तैयारी जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम में न्योता शामिल होने के लिए विशिष्ट लोगों को भेजा जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने मुरादाबाद तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के चांसलर सुरेश जैन को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा नामांकन पत्र का भेजा है, टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन ने न्योते को खुशी-खुशी स्वीकार किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बड़े सौभाग्य का विषय है, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा नामांकन पत्र का आना।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का दस्तावेज पत्र विवरण श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से संघ के मानक क्षेत्र हैं। मैं भगवान राम को नमन कर न्योते को स्वीकार करता हूं। महानगर में ऐसे तीन विशिष्ट व्यक्तियों को यह दस्तावेज पत्र उपलब्ध कराया गया है। वह व्यक्तित्व हैं, टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, विश्वविद्यालय के पूर्वज प्रो0 रघुवीर सिंह और स्वर्गीय दाऊ डोनाल?ड खन्ना के पुत्र डॉ. ओंकारनाथ खन्ना। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में करीब सात हजार लोगों को आमंत्रित किया है। इसके अलावा दस्तावेज़ बैठक से लेकर लोगों में भी खुशी का वर्णन किया गया है।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर रेलकर्मियों का आंदोलन सोमवार से, भूख हड़ताल का किया ऐलान



मुरादाबाद।नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ( नरमू ) ने देश भर के अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ मिलकर सरकार से दो दो हाथ करने का फिर से ऐलान कर दिया है। 8 जनवरी से संगठन ने भूख हड़ताल का ऐलान कर दिया है, जिसके तहत कर्मचारी चार दिन तक लगातार आंदोलन करेंगे। 11 जनवरी को यहां डीआरएम कार्यालय गेट पर कर्मचारी सभा करेंगे। नरमू के मंडल मंत्री राजेश चौबे ने बताया कि देश व्यापी आंदोलन रेल सेवा पर प्रभाव दिखाएगा। 8 से 11 जनवरी का आंदोलन देश भर में चलेगा। हम पुरानी पेंशन की बहाली तक अपनी बात कहते रहेंगे। इसके लिए मंडल भर के कर्मचारियों को शाखावार कार्यक्रम बता दिया गया है। भूख हड़ताल के दौरान कर्मचारी अपनी ड्यूटी से विरत रहेंगे।

## 08 वर्ष से फरार दो नफर वारन्टी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ

मुरादाबाद - 08 वर्ष से फरार दो नफर वारन्टी गिरफ्तार श्रीमान पुलिस अधीक्षक रेलवे महोदय अनुभाग मुरादाबाद के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे

अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण मे थाना जीआरपी बरेली जं0 पुलिस टीम द्वारा विगत 08 वर्षो से लगातार फरार चल रहे जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारन्ट व कुर्की वारन्ट जारी किये गये थे

दो वारन्टी 1. शकील पुत्र खलील निवासी मौ0 खुर्दपुरा थाना बिलग्राम जिला हरदोई व 2. राजकुमार उर्फ लल्ला पुत्र मेवाराम निवासी मौ0 काजीपुरा थाना बिलग्राम जिला हरदोई को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय मे पेश किया

## पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड, मानदेय, पेंशन व मुआवजा जैसी सुविधाओं के लिए हमेशा तत्पर रही उपज: कर्ण

क्यूँ न लिखूँ सच
एन.राज शर्मा



मुरादाबाद। कंपनी बाग स्थित सेनानी भवन में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की मासिक बैठक में नए साल पर केक काटकर पत्रकारों को संबोधित करने रायबरेली से आए उपज प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल कर्ण जिनका स्वागत महामंत्री कुमार देव ने किया। आज स्वतंत्र संग्राम सेनानी भवन में उपज की वर्ष 2024 की पहली बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल कर्ण उपस्थित रहे। बैठक में राधेश्याम लाल कर्ण को सम्मानित कर उपज मुरादाबाद ने उनकी विचारधारा को जाना। महामंत्री राधेश्याम कर्ण ने पत्रकारों को अवगत कराया कि उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को अनेक पत्र भेज कर पत्रकारों के लिए विभिन्न सुविधाओं की मांग करी है जिसमें पत्रकारों के लिए मानदेय, 60 वर्ष से ऊपर के पत्रकारों के लिए पेंशन, भूमि एवं भूखंड के लिए पत्रकारों के लिए जगह, मृतक पत्रकारों के लिए मुआवजा आदि की मांग करी है। जिसमें से अनेक मांगे मान भी ली गई है। राधेश्याम कर्ण ने बताया कि आयुष्मान कार्ड भी उपज की ही पहल है जो मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए बनने शुरू हो गए हैं। इसके साथ-साथ पत्रकारों के वेलफेयर हेतु फंड भी बनाने जा रहा है। जिसमें गरीब पत्रकारों को भविष्य में आने वाली समस्याओं का निस्तारण किया जा सकेगा। जिसमें समाज सेवकों से राशि जमा करवाकर वह वेलफेयर फंड पत्रकारों के लिए इस्तेमाल होगा। राधेश्याम कर्ण ने बताया है कि राज्य में केवल दो संस्थाएं ऐसी हैं जो ट्रेड यूनियन से रजिस्टर्ड है। जिसमें एक उपज है। बाकी सभी संस्थाएं एनजीओ में रजिस्टर्ड होती हैं। जिनका काम समाज के वेलफेयर का होता है। लेकिन पत्रकारों में उपज ही एक ऐसी ट्रेड यूनियन पंजीकृत संस्था है जो पत्रकारों के हित के लिए हमेशा संघर्षशील रही है। 1966 से चल रही इस संस्था को अनेक आयाम हासिल हुए हैं, उन्होंने कहा कि कोरोना के काल में तथा आजादी के काल में सबसे ज्यादा अगर कोई मेहनत करता दिखाई देता है तो वह होता है पत्रकार। लेकिन इसका श्रेय पत्रकारों को ना मिलकर वह अन्यत्र दे दिया जाता हैं। पत्रकारों का काम है सरकार की योजनाओं से जनता को मिलाना। पत्रकारों को कोई भी कार्य लोकतंत्र के में रहकर ही करना चाहिए। उन्होंने उपज द्वारा पत्रकारों के अनेक किस्से भी पत्रकारों के समक्ष साझा किए। कार्यक्रम के अंत में उनको एक सम्मान चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व पत्रकारों के प्रतीक चिन्ह कलम ( पेन ) को भेंटकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में अनेकों पत्रकारों ने शिरकत की। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार मनोज रस्तोगी ने संचालन किया। कार्यक्रम पश्चात उपज के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम कर्ण, जिला महामंत्री कुमार देव, संगठन सचिव ओपी रोड़ा व सदस्य विमल कुमार विश्नोई का दल हरि प्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष उपज, के निवास स्थल पहुंचा तथा कार्यक्रम के बारे में व उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा कर उनका स्वास्थ्य लाभ की कामना की तथा वरिष्ठ पत्रकार सुशील शर्मा उपाध्यक्ष उपज के भी स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रईस शेख ने की। संगठन मंत्री ओपी रोड़ा, फोटो जर्नलिस्ट मुहम्मद सुहेल ख़ां, धवल दिक्षित, विमल कुमार विश्नोई, दिनेश शर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, रिजवान रजा, सत्येंद्र अग्रवाल, अमन गुप्ता, प्रेम प्रकाश सक्सेना, राजीव प्रखर व वीरभान सिंह मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## चोरी, लूट, डकैती की योजना बनाते तीन युवक गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी - झाँसी। पूंछ थाना क्षेत्र में शनिवार को चोरी, लूट, डकैती जैसे संगीत अपराधों को अंजाम देने की योजना बनाते तीन युवकों को पूंछ पुलिस की सक्रियता के चलते गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से तमंचा कारतूस सहित अन्य सामान बरामद मत हुआ। बताया गया है कि शनिवार करीब 11=30 बजे थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी हमराह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अपराध की रोकथाम के लिए गस्त कर रहे थे। इसी दौरान उनके मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ढ़ेरी की पुलिया के




नजदीक एक निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग असलहा आदि लेकर संगीन घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर सक्रियता दिखाते हुए थाना प्रभारी अरुण कुमार तिवारी ने बताए गए निर्माणाधीन मकान को घेर लिया और तीन युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने परिचय 21 बर्षीय फैजान पुत्र गफ्फार, 19 बर्षीय सिकंदर पुत्र शरीफ, 19 बर्षीय सरफराज पुत्र राजू समस्त निवासीगण थाना व कस्बा अकबरपुर कानपुर देहात के रूप में दिया। जब पुलिस टीम ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस, 2 बेलचा, दो चाबियों के गुच्छे, एक बड़ी चाबी बरामद हुई। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की 399/401 और आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी के साथ उप निरीक्षक महेशचंद्र, हेड कांस्टेबल सदानंद यादव, कांस्टेबल योगेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, अंकित कुमार शामिल थे।

## प्रदेश में आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में जनपद को मिला द्वितीय स्थान, जिलाधिकारी ने दी अधिकारियों को बधाई

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी -तहसील सदर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने भूमि पर कब्ज़ा संबंधित शिकायतों के निस्तारण पर पुलिस विभाग और राजस्व विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए ताकि भूमि संबंधित विवादों का सख्ती से निस्तारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयसीमा और गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी आव्हान किया कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट होना भी सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर वसीरूद्दीन, वसीमुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासी 178 मुकरयाना ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि विपक्षी गण श्री दिलशाद



कुरेशी पुत्र श्री उस्मान निवासी 1028 बाहर दतिया गेट ने मौजा बिजौली में जिसका आराजी संख्या 3021 में 4000 वर्ग फुट जमीन चार भागों में धोखाधड़ी कर 24 दिसंबर 2022 में चार रजिस्ट्री जो प्रति 1000 वर्ग फुट में करा दी है जो अवैध है और उक्त रजिस्ट्रियां विक्रेतागण रघुवीर पाल पुत्र अमरजू एवं बालकत पाल पुत्र अमरजू निवासी शारदा नगर बिजौली से सांठगांठ व धोखा देकर करा दी है। रजिस्ट्री के बावत 24 लाख रुपए हड़प लिए और ?04 लाख की और मांग कर रहे हैं। अधिकारियों से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि सरकारी संस्था की है,जब बात की तो धमकी देकर जान से मारने की बात कहते हैं। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को उक्त प्रकरण के विस्तृत अभिलेख की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधाकर पांडेय, एसडीएम परमानंद , जिला कृषि अधिकारी के के सिंह, पीडी डीआरडीए राजेश कुमार, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी, थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## चेरवा समाज ने नरेन्द्र दुग्गा से सौजन्य मुलाकात किया



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

मां बागेश्वरी लोक न्याय ट्रस्ट कुदरगढ़ में रामकुमार बंछोर जी के नेतृत्व में नव आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति आयुक्त नरेंद्र दुग्गा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। रामकुमार बंछोर जी ने आदिवासी समुदाय के समस्या को लेकर अवगत कराया । आदिवासी समुदायों के बीच में राज्य एवं केंद्र सरकार के योजनाओं को लेकर जागरूक करने की अपील किया । वहीं समाज के द्वारा मां कुदरगढ़ी छायाचित्र भेंट किया गया ।

इस बीच रामकुमार बंछोर ( गढ़ बैगा,बैगा सेवा समिति देवीधाम कुदरगढ़ ) सुभाष साय चेरवा, कृष्णा नारायण प्रताप चेरवा, विजय सिंह मरपच्ची, सुरेश सिंह,विवेक, देवनारायण चेरवा, अन्य सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## खनन माफियाओं ने युवक के साथ की मारपीट,अवैध असलाहों से झोंके फायर, भीड़ ने घेरा टहरौली थाना

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

टहरौली ( झाँसी ) - मामले टहरौली थाना का है जहाँ एक मामले में पुलिस की उदासीन कार्यप्रणाली से खिन्न भाजपाइयों ने थाना टहरौली का घेराव कर दिया। बताया जा रहा है कि बीते एक जनवरी को टहरौली थानाक्षेत्र के कुकरगाँव बालू घाट से सम्बन्धित कुछ खनन माफियाओं ने एक युवक के साथ किसी बात को लेकर मारपीट कर दी और उसको जान से मारने की नियत से उसके ऊपर अवैध असलहे से फायर झोंक दिया। जिसके बाद युवक ने टहरौली पुलिस को सूचना दी। युवक ने टहरौली पुलिस पर आरोप लगाते हुये कहा कि घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपी युवाओं में से एक युवक को मौके से पकड़ा था लेकिन किन्ही कारणों के चलते कुछ



ही घण्टे बाद उस आरोपी युवक को थाने से छोड़ दिया गया। पीड़ित ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुये कहा कि आरोपी को सिस्टम के चलते छोड़ा गया है। कई दिन बीत जाने के बाद भी टहरौली पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित ने बताया कि बीते 01 जनवरी को वह बैंदा सड़क से अपने घर जा रहा था तभी कलौथरा - लुहरगाँव के बीच पहले से मौजूद कुछ खनन माफियाओं ने उसको रोककर उसके साथ गाली गलौज करना प्रारम्भ कर दिया, युवक द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गयी। युवक जब वहाँ से बच कर भागने लगा तब आरोपी युवकों ने उसको जान से मारने की नियत से उसके ऊपर अवैध असलहे से फायर भी झोंक दिया जिसमें वह बाल बाल बच गया। तहसीलदार टहरौली ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा भी प्रदर्शनकारियों को समझाया गया लेकिन बात नहीं बनी। मामला बढ़ता देख टहरौली पुलिस द्वारा पीड़ित युवक को मेडिकल जांच के लिये भेज दिया गया और मामला दर्ज करने की बात कही। दुष्यंत राजपूत, प्रह्लाद राजपूत, जीतू राजपूत, अनिल राजपूत, मानवेन्द्र सिंह बुन्देला, कुन्दन सिंह राजपूत, महेन्द्र राजपूत, खुशबू राजपूत, राघवेन्द्र राजपूत, अर्जुन सिंह परिहार, देवेन्द्र सिंह परिहार, बृजेश साहू समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डभौरा राजस्व विभाग के अधिकारियों की लचार व्यवस्था के कारण 50 सालों से करीब नहीं हो पाया राजस्व भूमि का सीमांकन

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी

रीवा एमपी-एसडीएम एवं तहसीलदार जवा को नगर परिषद के तरफ से राजस्व जमीन सीमांकन के लिए लिखा जाएगा पत्र, मीडिया को दी गई जानकारी मामला रीवा जिला के डभौरा नगर परिषद का रेलवे से लगी हुई जमीन राजस्व विभाग की आती है आज दिनांक तक नहीं हो पाया सीमांकन अध्यक्ष ने दिया पूर्ण आश्वासन जल्द से जल्द कराया जाएगा सीमांकन राजस्व भूमि डभौरा का डभौरा वार्ड नंबर 4 पार्षद शिखा धीरेंद्र सिंह राजस्व के जमीन का सीमांकन के लिए




लिखा पत्र नगर परिषद अध्यक्ष डभौरा को डभौरा रेलवे से लगी राजस्व भूमि सीमांकन के लिए नगर परिषद अध्यक्ष के नाम दिया गया आवेदन , वही 2 वर्ष पहले रेलवे विभाग द्वारा जबरन राजस्व की भूमि पर चिन्हित करके स्टेशन के सामने पार्क निर्माण एवं बाउंड्री का निर्माण कराया गया था सभी स्थाई लोग जो रह रहे थे वहां पर उन्होंने उनका सहयोग किया तो फिर क्यों राजस्व की जमीन हड़प्पना क्या उचित है यह सारी व्यवस्थाएं राजस्व विभाग की लचर व्यवस्था के कारण उत्पन्न हो रही है इस संबंध में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया जाता है मामला रीवा जिला के जवा जनपद नगर परिषद डभौरा का बताया जा रहा है अब देखना होगा मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री महोदय क्या कार्यवाही का अश्वसन देते हैं, वहीं कई समाजसेवी राजनीतिक एवं बुद्धिजीवी का कहना है की इस संबंध में मुख्यमंत्री जी ठोस कार्यवाही करेंगे

## अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयन किया

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

अमरकंटक - श्रवण उपाध्याय मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत अमरकंटक को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है । स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु यह पुरस्कार 11 जनवरी 2024 को दिल्ली के भारत मंडपम में नगर परिषद अमरकंटक को प्रदान किया जाएगा । इस पुरस्कार हेतु मध्य प्रदेश के 6 शहरो को नामांकित किया गया है , जिसमे अमरकंटक निकाय के अलावा इंदौर , भोपाल , महू कैंट , नौरोजाबाद एवम् बुधनी सामिल है । स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के संपूर्ण परिणामों की घोषणा 11 जनवरी 2024 को समारोह के पश्चात की जावेगी । नगर परिषद से प्राप्त जनकारी अनुसार जबकि 卐ओडीएफ++卐 एवम् 卐गार्वेज फ्री सिटी卐 प्रतिस्पर्धा के परिणाम घोषित कर दिए गए है । नगर परिषद अमरकंटक को ओडीएफ++ प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है , साथ ही जीएफसी 1 स्टार रेटिंग भी निकाय द्वारा अर्जित की गई है । अमरकंटक नगर परिषद के सीएमओ चैन सिंह परस्ते ने कहा की अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया



है तो यह पूरे नगर के लिए सम्मान और गर्व की बात है , साथ ही यह सब माननीय कलेक्टर महोदय अनूपपुर के सतत मार्गदर्शन और प्रयास का ही परिणाम है ।

अमरकंटक नगर परिषद के उपयंत्री देवल सिंह बघेल ने इस पर कहा की अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है यह माननीय कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन और सतत प्रयासों का नतीजा ही आज इस रूप में हमे प्राप्त हो रहा है । अमरकंटक के सभी जागरूक नगरवासियों के सहयोग से ही संभव हो सका है । भविष्य में इसी प्रकार का प्रदर्शन करने हेतु यह पुरस्कार सदैव हमे प्रेरित करता रहेगा । नगर परिषद के स्वच्छता प्रभारी मदन सिंह ने इस पर कहा की यह हमारे लिए गर्व की बात है साथ ही अमरकंटक नगरवासियों के लिए भी गर्व करने की बात है । हमारे सभी सफाई कर्मचारी जो इस मुहिम में रोजाना कार्य करने में लगे रहते है वो सब अपनी जवाबदेही सुनिश्चित कर अमरकंटक को स्वच्छता ( सफाई ) कार्य में बखूबी सेवाए प्रदान करते है , जिसका परिणाम आज हम अनुभव कर रहे है । नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उइके का कथन है की होने वाली इस उपलब्धि पर सभी अधिकारी , कर्मचारी और नगरवासी सभी बधाई के पात्र है । नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शारदा प्रसाद मोंगरे व मनीष मानिकपुरी ने भी इस पुरस्कार प्राप्त होने की खुसी के लिए अमरकंटक वासियों को , अपने अधिकारियों तथा अपनी सफाई कर्मचारियों के पूरी टीम को धन्यवाद कहा । यह पूरे नगर , जिला , संभाग और प्रदेश के लिए सम्मान तथा गर्व की बात है । यह सब निकाय के अधिकारियों सीएमओ चैन सिंह परस्ते , उपयंत्री देवल सिंह बघेल , अध्यक्ष श्रीमती पार्वती उईके, स्वच्छता प्रभारी मदन सिंह , लेखा शाखा प्रभारी चैन सिंह मंडलोई , सहायक राजस्व प्रभारी मनीष कुमार विश्वकर्मा आदि सभी नगर परिषद के कर्मचारीगण , सफाई कर्मचारीगण , पार्षदगण इस राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु अमरकंटक को चयन किया गया है । सभी काफी खुश और आनंद का अनुभव कर रहे है ।

## घटेहा के महतिया जंगल में मिला लगभग 28 वर्ष की अज्ञात महिला का शव जांच में जुटी जनेह पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

रीवा जिले के जनेह थाना अंतर्गत गढ़ी चौकी के घटेहा गांव के महातिया मौजा में लगभग 28 वर्ष की अज्ञात महिला का शव मिला है आपको बता दे की शव को पहली बार ग्रामीणों ने देखा इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई मौके पर गढी चौकी प्रभारी राहुल सोनकर आरक्षक विभव शुक्ला,धनंजय यादव के



साथ ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रामू पांडे सहित नगर सैनिक प्रदीप शर्मा तथा पुलिस बल मौजूद है पुलिस मौके की जांच कर रही है

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा के आउट सोर्सेज कर्मचारियो के द्वारा कार्य बन्द किये जाने से चारो ओर गंदगी का आलम,व्यवस्था हुई बेपटरी



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

जवा/ रीवा जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियो को कैपिटल इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड और नेशनल सिक्रोटी इंदौर के द्वारा विगत 3 माह से लेकर 20 माह तक का मानदेय नही देने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा के कुक, स्वीपर,एवं केयर टेकर के पद पर कार्यरत कर्मचारियो के द्वारा कार्य बंद किये जाने से चारो ओर गंदगी का आलम है केयर टेकर नही होने से मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा साथ ही कुक नही होंने से खाना तक नही बन पा रहा है जिस बजह से अनेक समस्याये पैदा हो गयी है इस संबंध में जब जवा बीएमओ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होनो बताया कि आउट सोर्सेज कर्मचारियों के कार्य बंद किये जाने से अनेक परेशानियां बढ़ गई है साफ सफाई नही होने से चारो ओर गंदगी है मरीजो को खाना नही मिल पा रहा है जिसकी जानकारी CMHO रीवा को दी गयी है लेकिन समस्या का हल नही हो पा रहा है।

## माता राजमोहिनी देवी की सेवा भावना सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत- श्रीमती राजवाड़े

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर आज सूरजपुर में



पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी स्मृति चौक का लोकार्पण और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सूरजपुर जिले के ग्राम जुड़वानी पहुंचकर माता राजममोहनी देवी मंदिर में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी स्मृति चौक लोकार्पण और प्रतिमा अनावरण समारोह में विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी ने अपना पूरा जीवन समाजसेवा में गुजारा था। उनकी सेवा भावना हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन है। इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर जनदर्शन सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- जिला सूरजपुर में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जाता है, जिसमें संशोधन करते हुए आगामी समस्त जिला स्तरीय जनदर्शन के कार्यक्रम को प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को ई-जनदर्शन के पश्चात् दोपहर 12=00 बजे से दोपहर 2=00 बजे तक जिला कार्यालय सूरजपुर में आयोजित किया जायेगा। अवकाश अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से जनदर्शन कार्यक्रम में किये जाने वाले समय परिवर्तन की सूचना पृथक से जारी की जायेगी

## विकासखण्ड स्तर पर ई-जनदर्शन के लिये अनुविभागीय अधिकारियों को नियुक्त किया गया नोडल अधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- जिला सूरजपुर में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के दौरान जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। प्रायः देखा गया है कि जिले के दूरस्थ अंचलों के निवासियों को अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले जनदर्शन में आने हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिले के दूरस्थ अंचलो के निवासियों की सुविधा को देखते हुए ई-जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को समय सुबह 10=00 बजे से दोपहर 12=00 बजे तक किया जायेगा, जिसमें उस विकासखण्ड में निवास करने वाले आवेदक, विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत के स्वान कक्ष में स्थापित वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़कर सीधे अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी समस्या को दर्ज करा सकेंगे। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले ई-जनदर्शन के लिये सम्बंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के द्वारा प्रत्येक आवेदक को टोकन नम्बर जारी करते हुए प्राप्त आवेदन को जनदर्शन के वेबसाईट पर इन्द्राज करते हुए आवेदन को भी स्कैन कर अपलोड किया जायेगा, आयोजित होने वाले ई-जनदर्शन के लिये सम्बन्धित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सूरजपुर जिला अस्पताल बने जिले का सबसे बेहतर अस्पताल - कलेक्टर

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- स्वास्थ्य सेवा का स्तर बेहतर करने के लिए उठाये सकारात्मक कदम ताकि सरकारी अस्पताल प्राइवेट अस्पतालों को दे सकें टक्कर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर, अधिकारियों से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की चर्चा नव पदस्थ कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा आज विभिन्न विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की बैठक भी ली।

स्वास्थ्य विभाग की विभागीय बैठक में कलेक्टर श्री



रोहित व्यास ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना प्रत्येक डॉक्टर, अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्राथमिकता होनी चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सूरजपुर का जिला अस्पताल हर लिहाज से जिले का सबसे बेहतर और सुविधाजनक अस्पताल होना चाहिए और इसे बेहतर बनाने की दिशा में हमें हर संभव प्रयास करना है। उन्होंने आगे कहा कि हमे जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्था व अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए कार्य करना है ताकि जिले की सरकारी स्वास्थ्य सेवायें भी प्राइवेट अस्पतालों को टक्कर दे सकें। इसके साथ ही उन्होंने आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की बैठक के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की प्रगति, विकसित भारत योजना के तहत स्वास्थ्य जांच की स्थिति की समीक्षा, जिला एवं विकासखंड स्तर पर पदस्थ विभागीय अमले की जानकारी इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने भौतिक परीक्षण और सभी स्तर पर समीक्षा बैठक लेने पर विशेष जोर दिया। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एटा में आवारा घूम रहे सांड पर अराजक तत्त्वों ने किया हमला

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- एटा में आवारा घूम रहे सांड पर अराजक तत्त्वों ने किया हमला, अराजक तत्त्वों ने सांड के पैरों में धारदार हथियार से पहुचाई गई है गंभीर चोटें, पैरो से चलने से लाचार हुआ सांड, बजरंग दल और विश्व हिन्दू एकता परिषद के कार्यकर्ताओं ने मानवता दिखाते हुए दवा दिलवाई और खुले से उठाकर छवे में लाकर सांड पर कपड़े डलवाए जिससे हाड़ कपाने वाली सर्दी के प्रकोप से बच सकें, सांड पर हमले को लेकर बजरंग वदल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना, बजरंग दल के लोगों ने गंभीर घायल गोवंश सांड को लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पुलिस प्रशासन से की मांग, उत्तरप्रदेश सरकार के आदेश गौ वंशों को संरक्षित करने के आदेश के बाद भी सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश, जलेसर वीडियो को गौशालाओ में आवारा गौवंशो को गौ शालाओ में संरक्षित करने के दिए है आदेश,सड़कों पर खुलेआम घूमते मिल जायेगे गौ वंश, बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जलेसर वीडियों मुर्दाबाद व पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के लगायें नारे, बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों ने लगायें जमकर नारें, बजरंग दल के कार्यकर्ता आरोपियों के खिलाफ कर रहे है कड़ी कार्यवाही की मांग, जलेसर के घुँघरू घंटी नगरी की गली में धरने पर बैठे बजरंग दल औरविश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता, थाना जलेसर क्षेत्र के कस्बा का मामला।

# शासकीय भूमि पर सरहंगों के द्वारा कब्जा कर बनाया जा रहा घर शिकायत के बाद भी मऊगंज प्रशासन नहीं कर रहा कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मऊगंज पूरा मामला मऊगंज जिले के थाना शाहपुर के ग्राम पंचायत जमुई के ग्राम कलरगवा का है जिसमें खसरा नंबर 106 /1/3 जो मध्य प्रदेश शासन है लगभग डेढ़ एकड़ जिसमें श्याम बहादुर सिंह द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है लगभग 70 बाई 50 में बाउंड्री बनाकर घर बनाया जा रहा है देखा जा रहा है कि शासकीय भूमि पर घर बनने का कार्य जोरों से चालू है जे सी बी मसीन से गड्ढे खुदवा कर कार्य को जल्द पूर्ण करने की कोशिश लगातार जारी है इसी संबंध ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से शिकायत भी की गई शिकायत कर्ता उपेंद्र सिंह पिता सूर्यनारण सिंह के द्वारा बताया गया कि शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, एक ओर जहां सरकार द्वारा सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के सक्त आदेश दिए गए हैं जिला कलेक्टर को तों वहीं दूसरी ओर मऊगंज कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही दूरी पर खुलेआम प्रशासन को चुनौती देते हुए श्याम बहादुर सिंह द्वारा अबैध अतिक्रमण कर घर निर्माण किया जा रहा है मऊगंज के जिला बनने के बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होगी तों सरहंगो के हौसले और बुलंद होंगे अगर बात आए अतिक्रमण पर कार्यवाही की तो अगर किसी गरीब द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उसपर कार्यवाही करवाने और उसको हटाने के लिऐ प्रशासन की पूरी टीम पूरे अधिकारी एक्शन में आ जाते हैं तो श्याम बहादुर सिंह जैसे अतिक्रमण करियों के लिए प्रशासन मौन क्यूं?

# सुनसान जंगल में मिली महिला की लाश: हत्या की आशंका; पुलिस मामले की जांच में जुटी

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मऊगंज- सुनसान जंगल में अज्ञात महिला का शव मिला है जहां झाड़ियों के बीच महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बता दें कि पूरा मामला जिले के जानेह थाना के घटेहा जंगल का है जहां शव मिलने के बाद महिला की हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी मिलते ही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक महिला की शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है। इलाका उत्तरप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है इसलिए शिनाख्त के लिए एमपी और यूपी में भी फोटो के साथ जानकारी भिजवा दी गई है ताकि महिला की पहचान हो पाए। पुलिस की प्राथमिक जांच के मुताबिक महिला की हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन अभी पीएम रिपोर्ट आना बाकी है रिपोर्ट आने के बाद यह साफ हो पाएगा की महिला की मौत किन कारणों से हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक महिला की शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है। इलाका उत्तरप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है इसलिए शिनाख्त के लिए एमपी और यूपी में भी फोटो के साथ जानकारी भिजवा दी गई है ताकि महिला की पहचान हो पाए। पुलिस की प्राथमिक जांच के मुताबिक महिला की हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन अभी पीएम रिपोर्ट आना बाकी है रिपोर्ट आने के बाद यह साफ हो पाएगा की महिला की मौत किन कारणों से हुई है। पूरे मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने बताया कि एक 34 वर्षीय महिला का अज्ञात शव घटेहा जंगल में मिला है। मामले की जांच कर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। अभी महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है पहचान के लिए फोटोग्राफ्स जगह-जगह भिजवा दिए गए हैं ।

# विद्यार्थियों के लर्निंग लेवल बढ़ाने की दिशा में शिक्षा विभाग करें कार्य- कलेक्टर

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नव पदस्थ कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा आज शिक्षा विभाग की बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को विद्यार्थियों के लर्निंग लेवल बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया ताकि बच्चों के शिक्षा के स्तर पर सकारात्मक बदलवा आये। जिले के स्कूल के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम मिले इसके लिये उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए उपस्थित जनों को कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि शिक्षा संरचनात्मक ढांचे में स्थायी बदलाव आये। इसके साथ ही उन्होंने प्राथमिक और मिडिल विद्यालय के विद्यार्थियों का आधार स्तर बेहतर बने इस दिशा में फोकस करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिक्षा विभाग की बैठक के अंतर्गत विभागीय योजनाओं की समीक्षा, क्षकों की नियमित उपस्थिति, लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही की समीक्षा व मध्याह्न भोजन संचालन की समीक्षा की जानकारी दी गई।

# गोवंश रक्षण संवर्द्धन परिषद के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा- ,विश्व हिन्दू परिषद के भारतीय गोवंश रक्षण संवर्द्धन परिषद के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन कैंप कार्यालय शान्ती नगर एटा पर शाम 6बजे किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहाँ कि पूरे ब्रज प्रान्त में गौशालाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय है जो की काफी चिंता का विषय है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोवंशों के लिए रात दिन सोचते हैं तथा गोवंशो के आशीर्वाद से ही दुबारा सत्ता में आये जव कि विपक्ष गोवंशो को लेकर खूब चिल्लाया लेकिन उसका कोई असर नहीं पड़ा।लेकिन कुछ जनपदों में अधिकारी व कर्मचारी सरकार की छवि खराब करने में जुटे हुए हैं। श्री चौहान ने कहाँ कि विश्व हिन्दू परिषद व गौ रक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा गोशालाओ का औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा कमियों को सुधार करने के लिए कहाँ जा रहा हैं तो कुछ जनपदों में गोशालाओ को संचालित करने वाले प्रधान व सचिव पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को झूठे केस में फसाने की धमकियां दे रहे हैं ऐसी सूचनाए प्राप्त हो रही है। ऐसी सूचनाओं की जानकारी देने के लिए जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका फोन उठता ही नहीं है अगर फोन उठ भी जाता है तो अधीनस्थ कर्मचारी फोन उठाते हैं तथा वह कह देते हैं कि साहब अभी मीटिंग में है। मै आपकी बाद में बात कराता हूँ लेकिन फिर वार्ता हो नहीं पाती है।ऐसे अधिकारीयो व कर्मचारियों की सूची शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री जी को उपलब्ध करायी जाएगी तथा इनकी कार्य शैली से भी अवगत कराया जाएगा। श्री चौहान ने कहाँ कि जनपद एटा मे जिलाधिकारी महोदय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एटा भी गोवंशों के लिए काफी चिंतित रहते हैं।जिलाधिकारी महोदय एटा ने गौशालाओ में गोवंशों की देखभाल करने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये है तथा फीडबैक भी लेते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा का कहना है कि जनपद में कहीं पर भी गोकशी नहीं होने दी जायेगी तथा गोकशी करने वालों पर गैंगस्टर वह रासुका के तहत कार्यवाही की जाएगी। मेरे द्वारा कुछ गौशालाओ का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय एटा को सौंपी तो उन्होंने निरीक्षण रिपोर्ट को काफी गंभीरता से लिया तथा तत्काल सुधार करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। श्री चौहान ने कहाँ कि मेरा माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि ऐसे अधिकारी जो कि सरकार की छवि को धूमिल करने में जुटे हुए हैं तथा सीयूजी फोन नहीं उठा रहे हैं ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए अन्यथा की स्थिति में आगामी लोकसभा चुनावों में इसका असर दिखायी देगा। बैठक में,अशोक सिसौदिया,अतुल कुमार, किशोर शर्मा,अभयप्रिय श्रीवास्तव,दिलीप कश्यप, समता वर्मा,ललित कुमार, जितेन्द्र कुमार,सुखवीर सिंह,आदि सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खजुरहन ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव की मिलीभगत का दिख रहा रंग, शासन के खजाने को कर रहे खाली

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी




मऊगंज- ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत को भारी भरकम रकम दी जा रही है जिससे कि गांव का विकास हो सके लेकिन ग्राम पंचायत में बैठे जिम्मेदार सरपंच सचिव शासन के खजाने को खाली करने पर तुले हुए हैं ताजा मामला मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत खजुरहन ग्राम पंचायत का है जहां सरपंच और सचिन की मिलीभगत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का पैसा आहरित कर लिया गया लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है सड़क में सिर्फ रखड़ और बड़ी गिट्टी बिछवा दी गई है जिस कारण से ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आपको बता दें कि ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत पीसीसी रोड निर्माण कार्य नंदलाल पांडेय के घर से राजमणि पांडेय के घर की ओर का निर्माण कार्य शुरू है जो की कई महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है जबकि मास्टर रोल में 14/11/2023 तक भुगतान किया गया है सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण स्थानीय निवासियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही सरपंच सचिव की मिलीभगत इस हद तक हावी है कि सरपंच के द्वारा साफ सफाई के नाम पर कई बार हजारों रुपए निकाले जाते हैं लेकिन सफाई कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है तकरीबन लाखों रुपए सफाई के नाम पर निकल लिए गए हैं वहीं कार्यालय व्यय के नाम पर भी हजारों रुपए का बंदरबाट किया जा रहा है इसके साथ ही चबूतरा निर्माण कार्य में भी घोटाले किए गए हैं, अगर इन सभी कार्यों की बारीकी से जांच हो तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस तरह से ग्राम पंचायत के विकास के नाम पर सरपंच और सचिव के द्वारा रूपयो का बंदरवाट किया गया है।

# समाज का प्रतिनिधित्व मजबूत कंधों पर हो- संदीप सरावगी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी। गहोई सेवा समिति कौंच की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गहोई भवन में के.के. कठिल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा की अध्यक्षता एवं झाँसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉक्टर विनीत रूसिया अध्यक्ष गहोई महासभा गंगा जमुना क्षेत्र एवं प्रदीप गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका के विशिष्ट आथित्य में किया गया। मंच आसीन अन्य अतिथियों में पूर्व अध्यक्ष केसरीमल तरसौलिया, निर्वाचन अधिकारी राम गुप्ता एडवोकेट, इंजी. राजीव रेजा, सुनील लोहिया एडवोकेट, कमलेश गुप्ता पहारिया अंडा वाले मंचस्थ थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने सूर्य भगवान और मैथिलीशरण गुप्त के चित्र पर पूजन अर्चन किया। मुख्य आतिथ्य भाषण देते हुए डॉ0 संदीप ने कहा किसी भी चुनाव में निर्वाचन के बाद जनप्रतिनिधि या नेता चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि मतदान करने वाले लोग उस व्यक्ति को योग्य एवं कुशल नेतृत्वकर्ता समझते हैं जो विपरीत समय में समाज के लोगों के साथ खड़े हो सकें। इसी प्रकार किसी भी समाज में होने वाले चुनाव में जो भी पदाधिकारी चुना जाता है उसके कंधों पर संपूर्ण समाज का भार निर्वहन करने का कर्तव्य होता है।

एक कुशल प्रतिनिधि के लिए आवश्यक है कि उसका चुनाव लड़ने का उद्देश्य व्यक्तिगत हित नहीं बल्कि समाज का हित हो। तदोपरांत अध्यक्ष आनंद सकेरे को निर्वाचन अधिकारी राम गुप्ता एडवोकेट ने शपथ दिलाई तत्पश्चात उपाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार रेजा, मंत्री विनोद एमएससी, उप मंत्री रामकुमार गुप्ता, रामू अण्डा वाले कोषाध्यक्ष, आकाश बिलैया, ऑडिटर आयुष सोनी को शपथ राम गुप्ता एडवोकेट ने दिलाई। वहीं संरक्षक सदस्यों को शपथ सुनील लोहिया एडवोकेट ने दिलाई इसके उपरांत आजीवन सदस्य को शपथ कमलेश गुप्ता अंडा वालों ने दिलाई एवं सदस्य प्रतिनिधियों को शपथ इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने दिलाई इसके उपरांत सभी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिए गए कार्यक्रम में मयंक मोहन गुप्ता, डॉक्टर नीता रेजा, वंदना कनकने, प्रार्थना रेजा, धर्मेंद्र पहारिया, आनंद लोई वाले, विनोद लोई, डॉक्टर आनंद गुप्ता, उदय शंकर कनकने सहित सैकड़ो की संख्या में स्वजातीय महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष गुप्ता ने किया।

# दो माह में छह हजार से अधिक मामलों का निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- पैमाइश के मामले में दो माह में छह हजार से अधिक मामलों का निस्तारण हो गया। इसके बाद भी जमीन के विवादों में कमी नहीं आ रही है। एसडीएम न्यायालयों में सुनवाई के बाद इनकी पैमाइश कराई जा रही है। जमीनी विवाद जिले में विवाद के मुख्य कारण है। जबकि थाना दिवस में आने वाले फरियादियों की संख्या भी कम ही रहती है। जिले की तीन तहसीलों में एसडीएम न्यायालय में पैमाइश कराने के लिए आवेदन किए जाते हैं। इन आवेदनों पर सुनवाई के बाद एसडीएम संबंधित जमीन की पैमाइश कराने के आदेश कोर्ट से दिए जाते हैं। तहसील की टीम पहुंचकर संबंधित जमीन की नापकर विवादों को खत्म करती है। पिछले दो महीनों में करीब 6100 से अधिक मामलों की सुनवाई कर जमीन संबंधी आदेश एसडीएम न्यायालयों में किए गए। सबसे अधिक वाद एसडीएम एटा के में दायर हुए। कुल वादों की संख्या 4400 के करीब थी। इसमें 4100 से अधिक मामलों का दो माह में निरस्तार कर दिया गया। एसडीएम जलेसर के यहां से 900 में से 880 वाद जमीनों से जुड़े निस्तारण किए गए। एसडीएम अलीगंज की न्यायालय में जमीन पैमाइश संबंधी 1400 मामलों में से 1300 वाद निस्तारित किए गए। इसके बाद भी जमीन की पैमाइश कराने संबंधी विवाद कम नहीं हो रहे है। ऐसे मामले लगतार बढ़ते जा रहे है।

# देवर ने शादी का झांसा देकर विधवा भाभी से किया रेप

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा- देवर शादी का झांसा देकर लगातार अवैध संबंध बनाता रहा और बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। दोनों से एक बेटी भी है। पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से देवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना नयागांव के एक गांव निवासी पीड़िता ने थाना जैथरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि जैथरा के एक गांव में उनकी शादी हुई थी। शादी के कुछ साल बाद पति की मौत हो गई। इसके बाद 2021 में जैथरा थाना क्षेत्र निवासी देवर सौरभ ने तमंचे के बल पर उनके साथ दुष्कर्म किया। बाद में शादी का झांसा देकर लगातार अवैध संबंध बनाता रहा। 2021 से लगातार संबंध बना रहा है। इससे एक बेटी भी है। देवर शादी भी नहीं कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश से आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अनियंत्रित टैक्सी पलटी एक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -दीपक सैनी

मऊरानीपुर से ग्राम बड़गांव की ओर सवारियां लेकर जा रही है टैक्सी अचानक खंड विकास कार्यालय के आगे शिव पैलेस के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान गाड़ी में सवार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर पहुंचाया गया। जहां से चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। तो वहीं एक टैक्सी सवार शेर खान पुत्र गुलाब खान निवासी बड़ा गांव को मृत घोषित कर दिया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। तो वही मौके में पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजनों ने बताया कि टैक्सी पलटने से एक की मौत हो गई साथ ही चार सावरिया घायल हुई जिन्हे गंभीर अवस्था में इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर किए गए।

# चोरी की 02 मोटरसाइकिल,01 साइकिल ,04 मोबाइल फोन ।सहित दो गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती थानाध्यक्ष गिलौला मय पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुये चोरी की 02 मोटर साइकिल , 01 साइकिल व 04 मोबाइल फोन बरामद करते हुये 02 अभियुक्त 1.दुर्गेश पुत्र काली प्रसाद निवासी दुबकला थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती 2.शिव मंगल पुत्र महाविर निवासी दुबकला थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तगण के पास से बरामद 01 मोटर साइकिल ग्राम पचदेवरी से चोरी की गयी थी तथा उनके पास से बरामद 04 मोबाइल फोन विभिन्न स्थानों से चोरी किये गये थे । कड़ाई से पूछताछ के दौरान उन्होने बताया कि यह मोटरसाइकिल ( नं0 क्व46छ्व 7453 हीरो होण्डा स्पेलेण्डर ) ग्राम पचदेवरी से हम लोगो द्वारा मकान के बरामदे से चोरी की गयी थी ।

जिसे आज हम लोग बेचने के लिये जा रहे थे साथ ही ग्राम शिवदहा से एक मोटरसाइकिल व गिलौला बाजार से भी एक साइकिल काफी दिन पहले चोरी किये थे अभियुक्तगण की निशादेही पर ग्राम दुबकला मे शिवमंगल पुत्र महाविर के घर के अन्दर से खड़ी मोटरसाइकिल( गाडी नं0 क्व40स्न7508 हीरो एचएफ डीलक्स ) व एक साइकिल भी बरामद किया गया । अभियुक्तगण को पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की ।

# शामली में आप सांसद संजय सिंह की रिहाई की मांग को कर पार्टी नेताओं ने किया उपवास

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



